आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.02.2026 / 11:00बजे

आकाशवाणी शिमला

मुख्यमंत्री

राजस्व घाटा अनुदान बंद होने के बावजूद प्रदेश में ओ पी एस और आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं को जारी रखेगी प्रदेश सरकार। ये आश्वासन आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश कांग्रेस की दिल्ली में हाईकमान के साथ होने वाली बैठक के लिए शिमला से रवाना होने से पहले दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में संगठन की बैठक के बाद वे केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नडडा से मिलकर आर डी जी को लेकर बात करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का समय मांगा गया है। संसद सत्र के बाद यदि प्रधानमंत्री कार्यालय से समय मिलता है तो वे स्वयं प्रधानमंत्री के सामने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को रखेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान कानूनी रूप से हिमाचल का हक है और इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। वहीं आम जनता के हितों के लिए सरकार लगातार अतिरिक्त राजस्व के संसाधन जुटाने का प्रयास करेगी।

सफलता की गूंज

केरल के बेयपोर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल रिस्पांसिबल टूरिज्म मीट में हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के नॉट ऑन मैप–एच टू ओ हाउस को सराहना मिली है। चंबा जिला से शुरू हुए इस अनूठे प्रोजेक्ट ने वैश्विक मंच पर जिम्मेदार पर्यटन की एक नई मिसाल पेश की है। नॉट ऑन मैप के तहत प्रदेश व देश के विभिन्न स्थानों पर कार्य किया जा रहा है ये पूरी तरह से समुदाय आधारित माडल है, जिसे स्थानीय लोग और स्वयं सहायता समूह मिलकर चलाते हैं। चलो चंबा अभियान के तहत नॉट ऑन मैप–एच टू ओ हाउस की प्रतिनिधि रेनू शर्मा ने सम्मेलन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। रेनू शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में इस प्रोजैक्ट को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने सराहा है।

स्वास्थ्य मंत्री

आईजीएमसी शिमला में इसी माह से पैट स्कैन की सुविधा आरंभ होगी जिसके लिए कल स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है। आर के एस द्वारा तय की गई दरों के अनुसार अस्पताल में 10 हजार रूपए शुल्क के साथ पैट स्कैन और थ्री डी टैक्सला, एम आर आई की सुविधा 3 से 4 हजार रूपए में मिलेगी। इसके अलावा आर के एस की बैठक में स्पेशल वार्ड का शुल्क बढ़ाने और एक्सरे पर भी अब शुल्क लगाने की मंजूरी मिली है। बैठक

की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने बताया कि हिमकेयर और आयुषमान मरीजों के लिए ये शुल्क कम रहेंगे और बीपीएल में शामिल मरीजों को भी रियायत दी जाएगी।

पौंग बांध

हिमाचल की जैव विविधता ने एक बार फिर विश्व का ध्यान का अपनी ओर खींचा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैव विविधता के लिए विख्यात पौंग झील क्षेत्र में इस बार भी यूरोप और पश्चिमी एशिया से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर लाखों परिंदे पहुंचे हैं। पौंग झील वैट लैंड क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों की गणना के दौरान पहली बार अत्यंत दुलर्भ सॉन्ग थ्रश पक्षी की मौजूदगी दर्ज हुई है। ये प्रजाति भारतीय उप महाद्वीप में सामान्य रूप से नहीं मिलती। वन्य प्राणी विभाग के वन मंडल अधिकारी रेजीनोल रायस्टन का कहना है कि इस बार सबसे अधिक हैडिड गीज प्रजाति के पक्षी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन पक्षियों की गणना की प्रक्रिया जारी है और झील क्षेत्रों को 25 सेक्टरों में बांटकर गणना की जा रही है।